संपादकीय

ब्रिक्स की शिखर बैठक

उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले ब्रिक्स के बाहर के कम-से-कम 23 देशों ने इस समूह से जुड़ने की अर्जी दी है। कयास गया है कि नए रूप में ब्रिक्स अगर एक स्वायत्त व्यापार व्यवस्था कायम करने की तरफ बढ़ा, तो उससे मौजूदा व्यवस्थाएं कमजोर होंगी।

पांच देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका- के समूह ब्रिक्स की शिखर बैठक को लेकर जैसी जिज्ञासा अभी देखने को मिल रही है, वैसा 15 साल के इस समूह के इतिहास में कभी नहीं हुआ था। पश्चिमी मीडिया में महीनों से यह चर्चा सुर्खियों में रही है कि मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के शहर जोहानेसबर्ग में शुरू हो रहे तीन दिन के शिखर सम्मेलन से दुनिया पर पश्चिमी वर्चस्व के लिए एक नई चुनौती खड़ी होगी। हालांकि ब्रिक्स देशों ने लगातार यह स्पष्टीकरण दिया है कि यह समूह महज आपसी आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने का मंच है और इसे हार-जीत की सोच के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए, लेकिन पश्चिमी मीडिया में इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है। चूंकि जोहानेसबर्ग में एक बड़ा मुद्दा ब्रिक्स समूह के विस्तार है, इसलिए पश्चिमी देशों के कान खड़े हुए हैं। उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले ब्रिक्स के बाहर के कम से कम 23 देशों ने इस समूह से जुड़ने की अर्जी दी है। इनमें सऊदी अरब जैसा धनी और तेल समृद्ध देश भी शामिल है।

इससे यह कयास गया है कि नए रूप में ब्रिक्स अगर एक स्वायत्त व्यापार एवं मौद्रिक व्यवस्था कायम करने की तरफ बढ़ा, तो उससे दूसरे विश्व विश्व युद्ध के बाद से चल रही व्यवस्थाएं कमजोर होंगी। बेशक उन व्यवस्थाओं पर अमेरिका का नियंत्रण रहा है। इसके अलावा ब्रिक्स की अपनी करेंसी शुरू करने की चर्चा भी रही है, हालांकि अब संकेत हैं कि यह मुद्दा इस बार एजेंडे पर नहीं है। इसके बजाय ब्रिक्स देश आपसी मुद्राओं में अपने अंतरराष्ट्रीय लेन-देने के भुगतान को बढ़ावा देने पर जोहानेसबर्ग में विचार करेंगे। यह चलन जितना बढ़ेगा, निर्विवाद रूप से उससे अमेरिकी डॉलर का दबदबा कमजोर होगा। यह भी निर्विवाद है कि ब्रिक्स के भीतर चीन की एक प्रभावशाली उपस्थिति है। इस कारण विस्तृत होता ब्रिक्स मंच चीन का प्रभाव रोकने की पश्चिम की कोशिश के विपरीत दिशा में जाएगा। तो कुल मिला कर इस पृष्ठभूमि के बीच ब्रिक्स शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है। लाजिमी है कि वहां होने वाली चर्चाओं और उनके संभावित परिणामों पर दुनिया की निगाह टिकी हुई है।

फंडों को डायरेक्ट प्लान के लिए अधिक खर्च वसूलने की अनुमति दे सकता है सेबी

नईदिल्ली। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) म्यूचुअल फंडों को डायरेक्ट योजनाओं के लिए अधिक खर्च वसूलने की अनुमति देने पर विचार-विमर्श कर रहा है।

ऐसी योजनाएं वितरकों को दरकिनार कर देती हैं और नियमित योजनाओं की तुलना में इनका खर्च अनुपात कम होता है। यह नियमित योजनाओं के वितरकों को भुगतान की जाने वाली ब्रोकरेज या कमीशन की सीमा तक है।

उदाहरण के तौर पर एक इक्विटी स्कीम अपने नियमित प्लान में 150 आधार अंक चार्ज कर रही है और वितरक कमीशन 50 बीपीएस तक काम करता है जबकि प्रस्तावित डायरेक्ट योजना 100 बीपीएस से अधिक चार्ज नहीं कर सकती है।

बिजनेस लाइन की रिपोर्ट के अनुसार, बाजार नियामक यानी सेबी योजनाओं के बीच खर्चों के अंतर को घटाकर वितरक कमीशन के 70 प्रतिशत, 80 प्रतिशत या 90 प्रतिशत तक करने पर विचार कर सकता है। अगर ऐसा रहता है और यदि कटौती की अनुमति 70 प्रतिशत है तो यह योजना डायरेक्ट योजनाओं के लिए 115 बीपीएस तक शुल्क ले सकती है।

यह कदम निवेशकों के लिए हानिकारक हो सकता है क्योंकि अधिक खर्च योजना के रिटर्न को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, छूट से फंड हाउसों को मार्केटिंग, बिक्री और ईंट-और-मोर्टार उपस्थिति के जरिये डायरेक्ट योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक अतिरिक्त लागत वहन करने में मदद मिलेगी।

सेबी की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, 10 साल की अवधि में 66 फीसदी डायरेक्ट फंडों ने अपने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि 39 फीसदी नियमित फंड ऐसा करने में कामयाब रहे। वहीं, पांच साल की अवधि में 45 प्रतिशत डायरेक्ट फंडों ने 26 प्रतिशत नियमित फंडों की तुलना में अपने बेंचमार्क को पीछे छोड़ दिया।

विशेषज्ञों ने कहा कि महामारी के बाद डिजिटलीकरण की दिशा में कदम और फिनटेक प्लेटफार्मों के विकास ने प्रत्यक्ष योजनाओं के ग्रोथ में सहायता की है।

महिला एशियाई हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर में मलेशिया के खिलाफ आगाज करेगा भारत

बेंगलुरू। भारतीय टीम ओमान के सालाला में होने वाले महिला एशियाई हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर में शुक्रवार को मलेशिया के खिलाफ पहला मैच खेलेगी।

भारत को एलीट पूल में जापान, मलेशिया और थाईलैंड के साथ रखा गया है। वहीं चैलेंजर्स पूल में हांगकांग चीन, चीनी ताइपै, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, ईरान और ओमान हैं।

भारतीय टीम की अगुवाई नवजोत कौर करेंगी। एलीट ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

मलेशिया के बाद भारत को शनिवार को जापान से और रविवार को थाईलैंड से खेलना है।

भारत की कोच सौंदर्या येंडाला ने टीम की रवानगी से पहले कहा, हमें इस टूर्नामेंट का बेताबी से इंतजार है। इसकी तैयारी के लिये हमने काफी मेहनत की है। हम पूरे टूर्नामेंट में अच्छा खेलना चाहते हैं और उम्मीद है कि हमारी मेहनत रंग लायेगी।

कप्तान नवजोत ने कहा, हमें पूल में कुछ मजबूत टीमों का सामना करना है लेकिन हम पूरी तैयारी से आये हैं। हमें पदक जीतने का यकीन है।

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों में लगातार तीसरे दिन लगा पांच फीसदी का लोअर सर्किट

नईदिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज से अलग हुई वित्तीय सेवा इकाई जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (जेएफएसएल) का शेयर बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में अपने निचले सर्किट स्तर को छू गया। बीएसई पर कंपनी का शेयर पांच प्रतिशत के नुकसान से 227.25 रुपये पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी का शेयर पांच प्रतिशत के नुकसान से 224.65 रुपये पर कारोबार कर रहा था। लगातार तीसरे दिन एनएसई पर भी कंपनी के शेयर ने अपने निचले सर्किट को छुआ। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर सोमवार को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुए थे। सोमवार और मंगलवार को भी कंपनी का शेयर पांच प्रतिशत टूटा था। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. पिछले महीने रिलायंस इंडस्ट्रीज से अलग हुई थी।

टीवीएस सप्लाई चेन की बाजार में फीकी एंट्री, 5 फीसदी के प्रीमियम पर हुआ लिस्ट

नईदिल्ली। टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के शेयर बुधवार यानी 23 अगस्त को शेयर बाजार में लिस्ट हो गए। कंपनी के शेयर बीएसई पर 206.3 रुपये पर सूचीबद्ध हुए, जो कि इसके आईपीओ के प्राइज रेंज के अपर एन्ड से 9.3 रुपये या 4.7 प्रतिशत ज्यादा है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई पर टीवीएस सप्लाई चेन का स्टॉक 10.1 रुपये या 5.1 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ 207.1 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

बता दें कि इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन सॉल्यूशन देने वाली कंपनी टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशन्स का इनिशियल पब्लिक ऑफर 10 अगस्त, 2023 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था।

आईपीओ को कुल मिलाकर 2.85 गुना सब्सक्राइब किया गया था। हालांकि, यह प्रतिक्रिया हाल में कुछ आईपीओ को मिली सब्सक्रिप्शन की तुलना में कम थी।

वहीं, आज का कारोबार शुरू होने से पहले ग्रे मार्केट में टीवीएस सप्लाई चेन का शेयर 4 रुपये के प्रीमियम पर उपलब्ध था जबकि कंपनी का शेयर 4.7 प्रतिशत के प्रीमियम पर लिस्ट हुआ है।

टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्युशंस ने अपने आईपीओ का प्राइज बैंड 187 से 197 रुपये प्रति शेयर तय किया था। इश्यू का कुल आकार 880 करोड़ रुपये का है। इसमें से 600 करोड़ रुपये के नए शेयर किये गए और 1.42 करोड़ इक्विटी शेयरों के लिए ऑफर फॉर सेल का विकल्प था।

कंपनी ने बताया कि नए शेयर से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल उसकी सहायकों टीवीएस एलआई यूके और टीवीएस एससीएस सिंगापुर का कर्ज चुकाने में किया जाएगा। पिछले वित्त वर्ष के आखिर में उसकी कुल उधारी 1,989 करोड़ रुपये थी।

अलग बल्लेबाजी शैली से मदद मिलती है, रोहित के साथ साझेदारी पर बोले गिल

नई दिल्ली। भारत के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि उनकी और कप्तान रोहित शर्मा की अलग अलग बल्लेबाजी शैलियों से उनकी सलामी जोड़ी कामयाब रही है।

भारतीय टीम एशिया कप और विश्व कप में उतरेगी तो कामयाबी का दारोमदार बहुत हद तक इस जोड़ी पर रहेगा। गिल ओर रोहित ने वनडे में नौ मैचों में साथ खेलकर 685 रन बनाये हैं।

गिल ने कहा, रोहित पावरप्ले में हवाई शॉट लगाना पसंद करते हैं जबकि मैं जगह तलाशकर चौके लगाता हूं। उन्हें छक्के जड़ना पसंद है। मुझे लगता है कि अलग अलग शैली होने से ही यह जोड़ी कामयाब रही है।

रोहित के साथ बल्लेबाजी के बारे में उन्होंने कहा कि कप्तान उन्हें अपना स्वाभाविक खेल दिखाने की आजादी देते हैं।

उन्होंने कहा, उनके साथ पारी की शुरूआत करना शानदार है। खासकर जब यह पता हो कि पूरा फोकस उन पर रहेगा। वह दूसरे बल्लेबाजों को खुलकर खेलने की सहूलियत देते हैं।

उन्होंने कहा, वह खिलाडियों को पूरी आजादी देते हैं। भारतीय टीम एशिया कप में दो सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से कैंडी में पहला मैच खेलेगी। वहीं विश्व कप में उसे आठ अक्टूबर को चेन्नई में आस्ट्रेलिया से पहला मैच खेलना है।

चिरंजीवी ने जन्मदिन पर किया अपनी नई फिल्म मेगा 157 का ऐलान, पहला पोस्टर भी जारी

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता चिरंजीवी ने अपने 68वां जन्मदिन के खास अवसर पर प्रशंसकों खुशखबरी दी। दरअसल, यूवी क्रिएशन्स ने चिरंजीवी की अगली फिल्म मेगा 157 की घोषणा कर दी है। इसका निर्देशन वशिष्ठ द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने बिंबिसार के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी।इसके साथ निर्माताओं ने मेगा 157 का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जो काफी दिलचस्प लग रहा है।

यूवी क्रिएशन्स ने ट्विटर पर मेगा 157 का पहला पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस बार यह ब्रह्मांड से परे है। पांचों तत्व मेगास्टार के लिए एकसाथ इक_ा होंगे।इसके बाद उन्होंने अभिनेता को जन्मदिन की बधाई भी दी है। मेगा 157 यूवी क्रिएशन के बैनर तले और वी वामसी कृष्णा रेड्डी, प्रमोद उप्पलपति और विक्रम रेड्डी द्वारा बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी। मेगा 157 चिरंजीवी के करियर की सबसे महंगी फिल्म होने वाली है।

जारी किया गया पोस्टर मंद रोशनी वाली गुफा की पृष्ठभूमि में एक रहस्यमय बिच्छू के साथ आगे की एक मनोरम यात्रा का संकेत देता है।

टैगलाइन में लिखा है, ब्रह्मांड सुंदर चीज़ों के घटित होने की साजिश रचता है। एक व्यक्ति हमें ब्रह्मांड को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। अब यूवी क्रिएशंस द्वारा जारी मुख्य पोस्टर में पांच तत्वों का अभिसरण पौराणिक एलिमेंटल फोर्स को जन्म देता है, जिसे मेगास्टार के नाम से जाना जाता है।

बिम्बिसार के निर्देशक मल्लीडी वासिस्ता द्वारा निर्देशित मेगा157 में एमएम कीरावनी की संगीत प्रतिभा को प्रदर्शित किया जाएगा।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाश करने की कोशिश करेंगे। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आज आपको मिलेगा।

वृष- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढने का रास्ता मिल सकता है। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। किसी काम को पूरा करने के लिए नए सिरे से शुरुआत करेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। कोई पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक धन लाभ कराएंगी। आपको समाज के कुछ अच्छे लोगों से जुडऩे का मौका मिलेगा। आप किसी सरकारी संस्था के काम में अपना सहयोग दे सकते हैं।

कर्क- आज आपका दिन सामान्य बना रहेगा। अगर आप कोई बड़ी बिजनेस डील करने जा रहे हैं,तो आपको बहुत ही सोच-समझकर फैसले करने की जरूरत है। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद जरूर लेनी चाहिए।

सिंह- आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। दोस्तों के साथ आज कहीं घूमने जाने का अवसर मिलेगा। विदेश से नौकरी के लिए आपको कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है। जो छात्र विज्ञान में रुचि रखते हैं, आज उनका दिन अच्छा रहेगा।

कन्या- आज आपका दिन बहुत ही उत्तम रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब लगाने से पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी।

तुला- आपके लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर होंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को सफलता मिलने से घर में खुशी का माहौल बना रहेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए फेबरेबल रहेगा। जो छात्र घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

धनु- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको कोई अच्छा काम मिल सकता है। आज आपके व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं।

मकर- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में भी स्थिति ठीक बनी रहेगी।

कुंभ- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। समयसीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होंगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पाएंगे।

मीन- आज आपको जीवन में कुछ खास मौके मिल सकते हैं। आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। आर्थिक स्तर पर आप मजबूत बने रहेंगे। आपकी कोई व्यवसायिक परियोजना पूरी हो सकती है।

माथे से मुंहासें दूर करने के लिए आजमाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, जल्द दिखेगा असर

माथे पर मुंहासे त्वचा की सबसे जिद्दी समस्याओं में से एक है, जिनका पूरे लुक पर बुरा असर पड़ता है।अत्यधिक सक्रिय वसामय ग्रंथियां माथे पर मुंहासे होने का कारण बनती हैं। ये ग्रंथियां सीबम नामक एक पदार्थ बनाती हैं, जो रोमछिद्रों में कीटाणुओं या मृत त्वचा कोशिकाओं को फंसा सकती हैं।आइए आज हम आपको 5 ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जो माथे से मुंहासें दूर करने में प्रभावी माने जाते हैं।

एलोवेरा का करें उपयोग

एलोवेरा में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो माथे पर मुंहासे और फुंसियों को कम करने में मदद कर सकते हैं।लाभ के लिए एलोवेरा जेल को प्रभावित हिस्से पर हल्के हाथों से लगाएं।इसे 20-30 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद माथे को ठंडे पानी से धो लें।जब तक समस्या से छुटकारा न मिल जाए तब तक इस उपाय को रोजाना सुबह-शाम दोहराते रहें।यहां जानिए त्वचा को एलोवेरा से मिलने वाले लाभ।

टी ट्री ऑयल लगाएं

टी ट्री ऑयल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो हल्के से मध्यम माथे के मुंहासों को कम कर सकते हैं। इस तेल की एंटी-बैक्टीरियल प्रकृति मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से भी लड़ सकती है।लाभ के लिए टी ट्री ऑयल की 1-2 बूंदों को नारियल के तेल के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण में रुई डुबोकर इसे प्रभावित क्षेत्रों पर लगाएं।इसे रातभर लगा रहने दें। ऐसा आप रोजाना एक बार कर सकते हैं।

नींबू का तेल भी आएगा काम

नींबू के तेल में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो त्वचा से मृत त्वचा कोशिकाओं को दूर करके मुंहासों को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।इसमें मैग्नीशियम एस्कॉर्बिल फॉस्फेट भी होता है, जिसका त्वचा पर हाइड्रेटिंग प्रभाव पड़ता है।लाभ के लिए नारियल के तेल में नींबू के तेल की 2-3 बूंदें मिलाकर इसे माथे पर लगाएं और मिश्रण को सूखने के लिए छोड़ दें।यहां जानिए नींबू के तेल से जुड़े हैक्स।

नीम भी है प्रभावी

नीम में शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। ये गुण त्वचा के मुंहासों को कम करने में मदद कर सकते हैं।लाभ के लिए 10-15 नीम की पत्तियों को आवश्यकतानुसार पानी के साथ पीसकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब इस मिश्रण को प्रभावित जगह पर लगाकर 20-30 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।इसके बाद माथे को पानी से धो लें।मुंहासों से छुटकारा दिलाने में ये 5 नीम फेस पैक भी मदद कर सकते हैं।

शहद से भी दूर होगी समस्या

शहद में मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को पोषण देने और ठीक करने में मदद कर सकते हैं।इसके अलावा इसमें मौजूद एंटी-माइक्रोबियल प्रभाव मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया के विकास को रोकने में मदद कर सकता है।लाभ के लिए 1-2 चम्मच ऑर्गेनिक शहद को माथे पर लगाएं। इसे 20-30 मिनट तक लगा रहने दें और फिर सादे पानी से माथे को साफ कर लें।

जूही चावला की फ्राइडे नाइट प्लान का ट्रेलर जारी, 1 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड अभिनेत्री जूही चावला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान को लेकर सुर्खियों में हैं।इसमें दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे और अभिनेता बाबिल खान भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने फ्राइडे नाइट प्लान का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसका प्रीमियर 1 सितंबर को किया जाएगा।

नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर फ्राइडे नाइट प्लान का ट्रेलर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, स्कूल की छुट्टी है, मां की भी छुट्टी है और दोनों भाई की भी। क्या यह उनकी अब तक की सबसे अच्छी शुक्रवार रात्रि योजना होगी?फ्राइडे नाइट प्लान में निनाद कामत और अमृत जयन भी अभिनय करते दिखाई देंगे।इसका निर्देशन फरहान अख्तर द्वारा किया जाएगा।

शब्द सामर्थ्य- 164

बाएं से दाएं
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 163 का हल

मै	दा	न	■	स	र	ग	म	■
त्री	■	सी	■	■	क्षा	■	धु	र्रा
■	सा	ह	स	■	■	■	र	■
स्वा	ग	त	■	स	म	झौ	ता	■
व	र	■	■	र	■	■	■	म
लं	■	वि	ला	स	■	■	दा	म
बी	न	■	ज	■	सा	मा	न	ता
■	ज	■	वा	हि	या	त	■	■
त	र	की	ब	■	ना	■	खा	ली

सू-दोकू- 164

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.163 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6